दिन– मंगलवार दिनांक– 10 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना आज दूसरे दिन भी जारी। नौवें चक्र की गणना के बाद निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी तेईस हजार मतों के साथ आगे चल रहे हैं।

02. केन्द्र सरकार ने कहा – उड़ान योजना के अन्तर्गत भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर समेत बिहार के दस शहरों में हवाई अड्डे बनाये जायेंगे।

03. आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में आयोजित हो रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने कहा–कल से प्रदेशभर में बढ़ेगी ठंड। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना।

————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना आज दूसरे दिन भी जारी है। मुजफ्फरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नौवें चक्र की गणना के बाद निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी तेईस हजार मतों के साथ आगे चल रहे हैं। वहीं, जनसुराज के विनायक गौतम को बारह हजार चार सौ सड़सठ, राजद के गोपी किशन को ग्यारह हजार छह सौ और जदयू के अभिषेक झा को दस हजार तीन सौ सोलह मत मिले हैं। अब द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती प्रक्रिया शुरू हो रही है। परिणाम आज आने की सम्भावना है। उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

————————————————————

राज्य के दस शहरों में उड़ान योजना के अन्तर्गत हवाई अड्डे बनाये जायेंगे। राज्यसभा में नगर विमानन मंत्रालय ने राज्यसभा सांसद भीम सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में कहा है कि भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर, मोतिहारी, रक्सौल, मधुबनी, सारण, वीरपुर और महरमा में छोटे विमानों का परिचालन किया जायेगा। डॉक्टर सिंह के अतारांकित प्रश्न के जवाब में विभागीय मंत्री ने कहा कि इन हवाई अड्डों पर बीस से कम सीटों वाले विमानों का परिचालन जल्द शुरू होगा। वहीं, एक अन्य प्रश्न के जवाब में सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय ने बताया कि राज्य की तेरह हजार सात सौ तिहत्तर औद्योगिक इकाईयों को लगभग उनतालीस हजार चार सौ अड़सठ लाख रूपये की अनुदान राशि दी गयी है।

—————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि हज दो हजार पच्चीस के दौरान, भारतीय हज समिति एक लाख पचहत्तर हजार पच्चीस तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी जो हज यात्रा में शामिल होंगे। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सऊदी अरब ने भारतीय हज समिति और हज समूह संगठनों के लिए कोटा आवंटन का निर्णय लिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए भारतीय हज समिति और हज समूह संगठनों के बीच कोटा का वितरण सत्तर अनुपात तीस निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान हज समूह संगठनों के लिए बावन हजार पांच सौ सात का कोटा निर्धारित किया गया है।

—————————————————————————

राज्य के अल्प संख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि अगले साल हज यात्रा पर जाने वाले दो हजार छह सौ तिहत्तर श्रद्धालुओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। विभागीय समीक्षा के दौरान श्री खान ने कहा कि यात्रा पर जाने वाले लोगों का टीकाकरण भी किया जायेगा।

—————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार आर्थिक समृद्धि और वैश्विक साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योग विभाग द्वारा नई दिल्ली में बिहार बिजनेस कनेक्ट दो हजार चौबीस के तहत आयोजित एम्बेसडर्स मीट के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में औद्योगित नीति को समावेशी विकास के साथ जोड़ा गया है। आगामी उन्नीस और बीस दिसम्बर को होने वाले ग्लोबल इन्वेटर्स समिट के लिए प्रस्तावना कार्यक्रम के तहत इस मीट का आयोजन किया गया था। इस दौरान उद्योग मंत्री नीतीश और कई देशों के राजदूत और प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

—————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसके लिए बिहार के तीन समेत कुल पैंतालीस पंचायत प्रतिनिधियों का चयन किया गया है। प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड के जजुआर पंचायत को स्वास्थ्य पंचायत का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जायेगा। नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड के पार्थू पंचायत को आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा पुरस्कार और जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के पुनहाड़ा ग्राम पंचायत को सुशासनयुक्त पंचायत के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा

औरंगाबाद, नालंदा, मधेपुरा, कटिहार और अररिया जिले के कुल चौवालीस मुखिया भी इस कार्यक्रम में प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे।

———————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण—पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत खाद्य सामग्री के खर्च में तेरह दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा है कि संशोधित दर इस महीने की एक तारीख से लागू हो गई है। नई दरें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होंगी, हालांकि वे अपने निर्धारित हिस्से से अधिक योगदान करने के लिए स्वतंत्र हैं।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तेरह दिसम्बर को होने वाली संयुक्त सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा के लिए नये दिशा—निर्देश जारी किये हैं। आयोग के परीक्षा नियंत्रक सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर राजपत्रित पदाधिकारी से प्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाना होगा। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राईविंग लाईसेंस दिखाना होगा। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों को आजीवन प्रतिबंधित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा राज्य के नौ सौ पचास केन्द्रों पर ली जायेगी। श्री शर्मा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के लिए तीस हजार कैमरे और जैमर भी लगाये जा रहे हैं।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की तिथि में संशोधन किया है। आयोग के अनुसार अब काउंसलिंग बीस और इक्कीस दिसम्बर को होगी। पहले यह तिथि बारह और तेरह दिसम्बर को निर्धारित थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच और सत्यापन प्रमंडलीय मुख्यालय के डीआरसीसी या क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक की ओर से चयनित स्थलों पर किया जायेगा।

———————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान सुबह के समय कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान सोलह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा की याद में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने वर्ष उन्नीस सौ अड़तालीस में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया और इसे लागू किया था। इसे संपूर्ण विश्व में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए साझा मानक मानदंड के रूप में अपनाया गया। मानवाधिकार दिवस के इस वर्ष का विषय है– **हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार इस वर्ष राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय है– **मानसिक सेहत– कक्षा से कार्य स्थल तक तनाव से निपटना।** वहीं, मानवाधिकार आयोग के गठन के बाद से अब तक मानवाधिकार के उल्लंघन के तेईस लाख से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं और इसके पीड़ितों को लगभग दो सौ छप्पन करोड रुपये की आर्थिक सहायता की सिफारिश की गई है।

———————————————————————————

मानवाधिकार दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि बिहार मानवाधिकार आयोग प्रदेश में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा और मानवाधिकार के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा है कि मानवाधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक और प्राकृतिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मानवाधिकारों के संरक्षण और सर्वधन के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

———————————————————————————

कूच बिहार ट्रॉफी अंडर नाईनटीन पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के साथ बिहार का मुकाबला ड्रा रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर महाराष्ट्र को तीन अंक जबकि बिहार को एक अंक मिला है। ग्रुप ई में खेल रही बिहार की टीम कुल ग्यारह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, वाराणसी में सम्पन्न इंटरनेशनल गो जू–रियो कराटे प्रतियोगिता में भोजपुर जिले के शाहपुर की सुनीता कुमारी ने रजत पदक जीता है। उन्होंने साठ किलोग्राम भार वर्ग में यह जीत हासिल

की है। इधर, उनतालीसवीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के चार सौ मीटर दौड़ में पीयूष ने रजत पदक जीता है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले के नये समाहरणालय भवन का उद्घाटन करेंगे। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि पुराने समाहरणालय भवन परिसर के मूल पाये के ढांचे को सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस भवन में उनतालीस विभागों के कार्यालय संचालित किये जायेंगे।

————————————————————————

बिहार एसटीएफ ने सहरसा, बेगूसराय और औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पच्चीस हजार के इनामी अपराधी समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन देशी पिस्तौल, ग्यारह कारतूस समेत अन्य हथियार बरामद किये हैं।

————————————————————————

सारण जिले में परसा थाना क्षेत्र की पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालकों से तीस नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मुक्त करायी गयी लड़कियां विभिन्न राज्यों की रहने वाली हैं।

————————————————————————

मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर पटना के फतुहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों पर संदिग्ध गतिविधि में शामिल होने का आरोप है।

————————————————————————

भोजपुर जिले के उच्च विद्यालयों में संचालित आधार केन्द्रों के सोलह ऑपरेटरों पर कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सत्रह लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जुर्माने की राशि जिला कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया है।

————————————————————————

लखीसराय जिले मे जमीन खरीद–बिक्री मामले में ठगी करने के आरोप में राजद के युवा जिलाध्यक्ष विनय कुमार साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रदेश में खेल प्रतिभा खोज योजना की शुरूआत को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– बिहार के स्कूलों में खेल प्रतिभा की तलाश शुरू। साठ लाख प्रतिभावान खिलाड़ी होंगे शामिल।

दैनिक जागरण ने लिखा है– इंजीनियरिंग परीक्षा में अव्वल छात्र और छात्राओं को सीएम ने किया सम्मानित।

दैनिक भास्कर ने शतरंज प्रतियोगिता से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– छोटी उम्र बड़ा कमाल, नौ साल की उम्र में छियासठ साल के ग्रैंड मास्टर को हराने वाले पहले भारतीय बने आरित कपिल।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार के सरकारी स्कूलों में छात्र–शिक्षक अनुपात देश के औसत के बराबर हुआ।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार सहित सभी समाचार पत्रों ने किसानों के आंदोलन को स्थगित किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना आज दूसरे दिन भी जारी। नौवें चक्र की गणना के बाद निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी तेईस हजार मतों के साथ आगे चल रहे हैं।

02. केन्द्र सरकार ने कहा – उड़ान योजना के अन्तर्गत भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर समेत बिहार के दस शहरों में हवाई अड्डे बनाये जायेंगे।

03. आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश में आयोजित हो रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने कहा–कल से प्रदेशभर में बढ़ेगी ठंड। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।